

# सप्तदश बिहार विधान सभा

## चतुर्दश सत्र

## ध्यानाकर्षण सूचना

निम्नलिखित ध्यानाकर्षण सूचना बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-104(3) के अन्तर्गत दिनांक-**06.03.2025** के लिए माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा स्वीकृत की गयी है ।

| क्र० सं० | सदस्य का नाम | विषय | विभाग |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1. | श्री अजीत शर्मा, स०वि०स०<br>श्री राजेश कुमार, स०वि०स०<br>श्री मो0 आफाक आलम, स०वि०स०<br>श्री आनन्द शंकर सिंह, स०वि०स०<br>श्री अजय कुमार सिंह, स०वि०स० | ''राज्य सरकार द्वारा 'मेडल लाओ-नौकरी पाओ'' योजना शुरू की गयी। इस योजना के तहत राजपत्रित पदों तक बहाली का प्रावधान है। बिहार की बेटी सुश्री मोनिका ने खो-खो वर्ल्ड कप, 2025 में गोल्ड मेडल जीता है। भारतीय खो-खो संघ द्वारा दिनांक-04.02.2025 को इसकी सूचना देते हुए महानिदेशक, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण को तथा माननीय मुख्यमंत्री, बिहार को सुश्री मोनिका को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए सरकारी नौकरी तथा अन्य देय सहायता दिये जाने हेतु अनुरोध किया गया है। सुश्री मोनिका का घर भागलपुर जिले में ही है, उनका परिवार अत्यंत गरीब है। उनके पास रहने के लिए ढंग का घर तक नहीं है। यहाँ तक कि उनके परिवार के पास गैस कनेक्शन भी नहीं है। अत्यंत ही गरीबी में जी रही सुश्री मोनिका को सहारा दिया जाना आवश्यक है, ताकि आगे आने वाले दिनों में वह इसी लगन से प्रदर्शन कर सकें।<br>अतः खो-खो वर्ल्ड कप,2025 में गोल्ड मेडल हासिल करने वाली बिहार की बेटी सुश्री मोनिका को सरकारी नौकरी सहित अन्य सहायता दिये जाने हेतु हम सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हैं।'' | खेल विभाग |

| क्र० सं० | सदस्य का नाम | विषय | विभाग |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 2. | श्री अजय कुमार, स०वि०स०<br>श्री समीर कुमार महासेठ, स०वि०स०<br>श्री सुर्यकान्त पासवान, स०वि०स०<br>श्री महबूब आलम, स०वि०स०<br>श्री रणविजय साहू, स०वि०स०<br>श्री डा० सत्येन्द्र यादव स०वि०स०<br>श्री शमीम अहमद, स०वि०स० | ''लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान फेज-2 ग्रामीण विकास विभाग के पत्रांक-ग्रा० 15/2020-36सी, दिनांक-20.12.2021 के आलोक मे सभी 8061 ग्राम पंचायत से स्वच्छता पर्यवेक्षक का चयन किया गया है, बिहार सरकार ग्रामीण विकास विभाग के पत्रांक-1353664, दिनांक-08.11.2022 के द्वारा स्वच्छता पर्यवेक्षक को संविदा के आधार पर नियोजित किया गया है । मुख्य सचिव बिहार, विभागीय पत्रांक- 24/प०स०म०, 9-10/2022/8728/प०स०, दिनांक-09.09.2022 के आलोक में स्वच्छता पर्यवेक्षक (ग्रामीण विकास विभाग) को पंचायत सरकार भवन/पंचायत भवन से काम करने का निर्देश होने के बावजूद स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं स्वच्छता कर्मी सुबह से शाम तक प्रत्येक दिन घर-घर से कचरा का उठाव, कचरे को WPU सेन्टर पर ले जाना और अलग-अलग करवाना एवं स्वच्छता शुल्क भी संग्रह करते हैं, जिसके बदले में स्वच्छता पर्यवेक्षक को मात्र 5000 से 7500 रूपये एवं स्वच्छता कर्मी को 1500 से 3000 रूपये मासिक मानदेय मिलता है, जो सरकार के न्यूनतम मजदूरी दर से भी काफी कम है, जबकि पंचायती राज विभाग द्वारा निर्गत पत्र 6प०रा०/अ०-14/2019/325/पं०सं० दिनांक-15.01.2021 के आलोक में सभी स्वच्छता पर्यवेक्षक का मानदेय प्रतिमाह 20000 रूपये है।<br>अत: स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं स्वच्छता कर्मी को उचित मानदेय देने एवं सेवा स्थायी करने हेतु हम सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हैं।'' | पंचायती राज विभाग |

ख्याति सिंह
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप सं०-ध्या०प्र०-04/25- 148 /वि०स०, पटना, दिनांक- 5 मार्च, 2025 ई०।

प्रति:- माननीय सदस्यगण, बिहार विधान सभा के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(रविन्द्र पंडित) 05.3.25
अवर सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप सं०-ध्या०प्र०-04/25- 148 /वि०स०, पटना, दिनांक- 5 मार्च, 2025 ई०।

प्रति:- माननीय मुख्यमंत्री के आप्त सचिव / माननीय उप मुख्यमंत्रीगण के आप्त सचिव एवं माननीय मंत्रिगण के आप्त सचिव को क्रमश: माननीय मुख्यमंत्री, माननीय उप मुख्यमंत्रीगण एवं मंत्रिगण के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(रविन्द्र पंडित) 05.3.25
अवर सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप सं०-ध्या०प्र०-04/25- 148 /वि०स०, पटना, दिनांक- 5 मार्च, 2025 ई०।

प्रति:- मुख्य सचिव, बिहार / महामहिम राज्यपाल के प्रधान सचिव, बिहार / सचिव, बिहार विधान परिषद् / महाधिवक्ता, बिहार, पटना उच्च न्यायालय / संसदीय कार्य विभाग / खेल विभाग एवं पंचायती राज विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(रविन्द्र पंडित) 05.3.25
अवर सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप सं०-ध्या०प्र०-04/25- 148 /वि०स०, पटना, दिनांक- 5 मार्च, 2025 ई०।

प्रति:- माननीय अध्यक्ष महोदय के आप्त सचिव / माननीय उपाध्यक्ष महोदय के आप्त सचिव / प्रभारी सचिव के प्रधान आप्त सचिव को क्रमश: माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय उपाध्यक्ष महोदय एवं प्रभारी सचिव बिहार विधान सभा के सूचनार्थ प्रेषित ।

(रविन्द्र पंडित) 05.3.25
अवर सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।